लंदन की भयानक आग

गिलियन क्लेमेंट्स




लंदन की भयानक आग

गिलियन क्लेमेंट्स



अध्याय 1

1666 तक लंदन एक बड़ा शहर बन गया था. उसमें पांच लाख लोग रहते थे, और शहर अपनी पुरानी दीवारों के बाहर फैल चुका था.



1666 की गर्मी बहुत सूखी थी. लंदनवासी हमेशा की तरह अपने-अपने काम कर रहे थे. लेकिन गर्मी बहुत तेज़ थी, और सड़कें बेहद गंदी थीं.



ऊँचे लकड़ी के घरों की संकरी गलियों में हवा गायब थी और वे अँधेरी थीं. वहां गाड़ियों के गुजरने के लिए कोई जगह नहीं बची थी.

"अरे, देखो तुम क्या कर रहे हो!" एक सफाई कर्मचारी चिल्लाया. "हम इस गर्मी में प्लेग को वापस नहीं चाहते हैं!"

लेकिन लोग उसे धक्का देते रहते और वो सीवेज को साफ़ करने की कोशिश करता रहता.



एक साल पहले ही एक लाख लंदनवासी प्लेग में मारे गए थे.



किंग चार्ल्स द्वितीय और लॉर्ड मेयर जैसे अमीर लोगों ने लंदन छोड़ दिया था. वे साफ़ हवा चाहते थे, और वे खुद को शहर से बाहर सुरक्षित महसूस करते थे.



अध्याय दो

शनिवार 1 सितंबर एक गर्म और शुष्क दिन था. टॉवर ऑफ़ लंदन के पास सीथिंग-लेन में नौसेना के क्लर्क मिस्टर सैमुअल पेप्स बैठे थे.



वो हर दिन अपनी डायरी में कुछ-न-कुछ लिखते थे - अपने काम के बारे में, या लंदन में जीवन के बारे में. आज उन्होंने सूखे के खतरे के बारे में लिखा था.

"सबकुछ एकदम सूखा है. टेम्स नदी का स्तर बहुत नीचे चला गया है. एक तेज़ पूरब की हवा भी चल रही है. "हे भगवान," पेप्सी चिंतित थे. "मुझे किसी ज्योतिषी से बात करनी चाहिए," उन्होंने फैसला किया. मुझे आशा है कि मिस्टर लिली मुझे बता पाएंगे कि आगे क्या होगा."



उस रात बहुत कम लोग ही सड़क पर थे. लुटेरे, जिन्हें फ़ुटपैड के नाम में जाना जाता था, अंधेरे में छिप जाते थे. लालटेन पकड़े बच्चे अमीर लोगों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाते थे.





आधी रात को पुडिंग-लेन में, बेकर थॉमस फेरनर ने अपनी भट्टी की जाँच की. फिर वो ऊपर गया और गहरी नींद सो गया. बाहर गर्म पूरब की हवा ने सड़क पर धूल का गुबार उड़ाया.

अध्याय 3



बाद में बेकर ने अपनी कहानी सुनाई.


"मेरा दम घुट रहा था. दो बज रहे थे. मेरी नौकरानी खाँस रही थी और हर तरफ धुँआ था.

तभी मैं बाहर भागा... मुझे नहीं पता कि मेरी नौकरानी कहाँ है."

एक घंटे बाद उसका घर धुएं और राख का एक ढेर था.

लपटें फैल गईं. पहले स्टार सराय पर, और फिर हवा का एक झोंका बहुत तेज़ी से आया! चिंगारियां नदी किनारे स्थित गोदामों पर गिरीं. गोदामों के अंदर कोलतार, तेल और ब्रांडी ने आग की लपटों को और जोर दिया. थेम्स स्ट्रीट एक नरक बन गई.





ग्रेसचर्च स्ट्रीट पर स्थित अपने घर पर, लॉर्ड मेयर जाग गए. उन्होंने अपना सिर तकिए से ऊपर उठाया. "अरे! वो केवल एक छोटी सी आग है." उन्होंने जम्हाई ली और फिर वापस सो गए.



थेम्स नदी

अगली सुबह, पूर्वी हवा अभी भी प्रचंड रूप से चल रही थी. तीन सौ घर जलकर खाक हो गए थे. एक आदमी चिल्लाया, "फिश-स्ट्रीट हिल, आग से धधक रही है!"

पेप्सी ने अपनी नौकरानी से खबर सुनी. फिर वो खुद देखने के लिए लंदन के टॉवर की चोटी पर पहुंचा. "सब कुछ जल जाएगा, चर्च भी नहीं बचेगा! मुझे राजा को यह सब बताना चाहिए!"



वेस्टमिंस्टर में, राजमहल के रास्ते में, पेप्सी कई नाराज लोगों से मिला. कुछ सोच रहे थे कि भगवान ने आग भेजी थी. अन्य लोगों को लगा कि लंदन में रह रहे विदेशियों ने उस आग की शुरुआत की थी.



पेप्सी ने सिर्फ शुष्क मौसम और किसी मूर्ख बेकर को आग का दोषी ठहराया.



पेप्सी ने आखिरकार राजा को ढूंढ लिया और उन्हें वो भयानक समाचार सुनाया.

राजा चार्ल्स ने तुरंत कमान संभाली, और आदेश दिया, "पहले आग के रास्ते में आने वाले घरों को गिराओ. फिर आग की चौकियां स्थापित करो. मेरा भाई जेम्स उसमें तुम्हारी मदद करेगा."

राजा का आदेश

फायरब्रेकर बनाओ. आग को फैलने से रोकने के लिए घरों को गिराओ.



फायर पोस्ट स्थापित करो. आग से लड़ने के लिए नागरिकों के समूह गठित करो.



अतिरिक्त सिपाहियों को बुलाओ. उन्हें लंदन के बाहर से बुलाओ.



पानी के पाइप बनाओ. उन्हें एल्म के पेड़ के तने से बनाओ ताकि पानी को आग तक पहुँचाया जा सके.



लेकिन राजा भी आग को नहीं रोक सके.



लपटें शहर के आकाश में तीस मीटर ऊपर उठीं, और उनसे सूरज खून की तरह लाल हो गया. आग की लपटों को कैसे रोका जाए, यह किसी को नहीं पता था. "आग बुझाने के लिए टेम्स में पर्याप्त पानी नहीं है!"



आग पश्चिम और उत्तर में फैल गई.

जब तक हिम्मत बनी रही लोग अपने घरों में ही रहे. अंतिम क्षण में वे भागे - नावों में जिन्हें "वेरीज़" कहते थे, या फिर पैदल.

माल ढोने वाले ठेलेवालों ने खूब मुनाफा कमाया.






पेप्सी ने डरे हुए कबूतरों को मरते देखा क्योंकि "वे अपना घर छोड़ना नहीं चाहते थे. लेकिन मैं और मेरी पत्नी बच जाएंगे... मैं अपनी शराब और पनीर को दफनाने के लिए कल घर वापस आऊंगा!"

अध्याय 4

आज मंगलवार था, आग का तीसरा और सबसे बुरा दिन. चेपसाइड की सभी दुकानें और लुडगेट-हिल और फ्लीट-स्ट्रीट आग की लपटों में घिरी थीं. आग इतनी प्रचंड थी कि पुराने सेंट पॉल चर्च के पत्थर भी जल रहे थे.

"आग की लपटें सड़कों से गुजर रही हैं!" कवि ड्राइडन ने कहा.



जॉन एवलिन ने अपनी डायरी में लिखा कि रात के समय: "रात के समय लगभग दस मील के दायरे में, दिन जैसा प्रकाश था. दस हजार घर धू-धू करके जल रहे थे. पिघला हुआ सीसा सड़क पर बह रहा था."





वो सीसा सेंट पॉल कैथेड्रल से आया था. आग से लकड़ी की बल्लियां जलने पर वहां की छत से गिर गई थी. दीवार के पत्थर फट गए, नीचे की फुटपाथ भी गर्मी से चमक रही थी. अगले दिन सेंट पॉल कैथीड्रल एक खंडहर बन गया था.



टूटी हुई पूर्वी दीवार के पास, थॉमस टैसवेल नामक एक स्कूली लड़के ने एक भयानक दृश्य देखा - एक बूढ़ी औरत का शरीर, "... उसके कपड़े जल गए थे और उसका हर अंग कोयले में तब्दील हो गया था."

सभी को डर था कि पूरा शहर जल जाएगा. लेकिन राजा सीधे घोड़े पर सवार होकर आग के पास गए. वहां उन्होंने अपने घोड़े से आग का हुक पकड़ने के लिए छलांग लगाई. उन्होंने झट से जलती छप्पर को नीचे खींचा, फिर एक बाल्टी पानी से उसे बुझाया.
अपने वीर राजा को देखकर प्रजा हर्षित हो उठी.





थेम्स नदी

फिर आग की लपटें उत्तर और पश्चिम में क्रिप्पलगेट और फेट्टर-लेन तक फैल गईं.


खंडहरों को देखकर पेप्सी उदास हो गया. गर्म राख से उसके जूते जल रहे थे.

रॉयल एक्सचेंज के जलते अवशेषों के पास उसने एक कांपती हुई बिल्ली देखी - उसका सारा फर जल गया था, लेकिन वो अभी भी जीवित थी.

अध्याय 5

लेकिन तभी एक चमत्कार हुआ. पूरब से आने वाली तेज़ हवा बंद हो गई.

अब उत्तर से हल्की हवा चलने लगी. अब आग थम चुकी थी. आश्चर्यजनक रूप से केवल छह लोगों की मौत हुई थी. बचे हुए लोग मूरफील्ड और स्पिटलफील्ड में एक साथ आकर मिले. उनकी छोटी-छोटी गठरियों में वो सारा सामान भरा था जिसे वे आग से बचा पाए थे.





एवलिन ने लिखा, "शहर के पास के खेतों में सभी तरह के करीब दो लाख लोग इकट्ठे हुए थे ...".



राजा को कार्रवाई करनी थी. उन्होंने कहा, 'हम जांच कराएंगे.' 'पहले मलबा साफ करो. बचे लोगों के लिये खाने-पीने का सामान लाओ, और उनके रहने के लिए तम्बू लगाओ."

फिर उन्होंने खंडहरों को देखा. वैसे बातें करने के लिए बहुत कुछ था. पर आग को और फैलने से कैसे रोकें? लंदन का पुनर्निर्माण कैसे करें? लेकिन कौन सी चीज़ें पहले करें? इस बात पर कोई सहमति नहीं बन पाई.



राजा ने सोचा, "मुझे एक नया, भव्य शहर चाहिए. मेरे लिए पेरिस जैसा एक शहर बनाओ!"

राजा के नए सर्वेयर चतुर क्रिस्टोफर रेन, उनकी सभी इच्छाएं पूरी करने के लिए एकदम सही व्यक्ति थे.



रेन की लंदन योजना उत्कृष्ट थी! वो उतनी ही भव्य निकली जितनी किंग चार्ल्स को उम्मीद थी. लेकिन राजा उन सब चीज़ों का खर्चा नहीं उठा सकते थे. क्योंकि उन्होंने अपना ज़्यादातर पैसा फ्रांस के खिलाफ युद्ध में खर्च कर दिया था.





सेंट पॉल कैथेड्रल

St Paul's Cathedral

अंत में क्रिस्टोफर रेन ने 51 नए चर्चों का निर्माण किया, जिनमें से प्रत्येक में एक शानदार शिखर था. एक महान नया गुंबददार सेंट पॉल कैथेड्रल भी था जो 1711 में बनकर समाप्त हुआ.

अब हर एक नई इमारत को ईंट और पत्थर से बनाया गया, क्योंकि लकड़ी बहुत आसानी से जल सकती थी.





आग लगने के बाद लोगों को नए 'नियमों' का पालन करना था.

शहर में फायर ब्रिगेड की स्थापना की गई. लोगों ने कूड़ा उठाने में सावधानी बरती. और, बेकर थॉमस फेरनर के विपरीत, सभी ने रात में अपने घर की राख को बुझाया और ठंडा किया!



लंदन के पुनर्निर्माण में 10 वर्ष का समय लगा और 70 लाख पाउंड से अधिक का खर्च आया.



थेम्स नदी

आज यदि आप लंदन जाते हैं, तो आप सेंट पॉल की यात्रा करना जरूर पसंद करेंगे. उसे भी क्रिस्टोफर रेन ने ही बनाया था, और वो सेंट पॉल, उसे पुडिंग-लेन के पास खड़ा है जहां से भयानक आग शुरू हुई थी.



समय-रेखा

1561 सेंट पॉल कैथीड्रल पर बिजली गिरी. उससे उसका लकड़ी का स्पायर जल गया.

1603 लंदन में ब्यूबोनिक प्लेग से 30,000 लोगों की मौत.

1616 विलियम शेक्सपियर का निधन.

1632 क्रिस्टोफर रेन का जन्म हुआ.

1633 सैमुअल पेप्सी का जन्म हुआ.

1642 ब्रिटिश सिविल युद्ध शुरू हुआ.

1649 चार्ल्स प्रथम (चार्ल्स द्वितीय के पिता) को मृत्युदंड दिया गया. ओलिवर क्रॉमवेल ने 'कॉमनवेल्थ' शुरू किया.

1660 पेप्सी ने अपनी डायरी लिखना शुरू की.

इंग्लैंड में फिर से एक राजा - किंग चार्ल्स द्वितीय की बहाली हुई.

1661 जॉन एवलिन ने लंदन के वायु प्रदूषण की आलोचना की.

1665 आइजैक न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के साथ प्रयोग किए. लंदन में प्लेग फैला. किंग चार्ल्स सहित कई लोगों ने शहर छोड़ दिया.

1666 फरवरी: किंग चार्ल्स लंदन वापस लौटे.

1666 2-5 सितंबर: लंदन में भीषण आग लगी.

11 सितंबर: रेन ने लंदन के पुनर्निर्माण के लिए अपनी योजना प्रस्तुत की.

25 सितंबर: आग की तहकीकात शुरू हुई.

1667 लंदन के पुनर्निर्माण के लिए कानून निर्धारित हुए.

1669 रेन को राजा का सर्वेयर नियुक्त किया गया. अपनी आंखों की रोशनी को लेकर चिंतित पेप्सी ने, अपनी डायरी रखना बंद कर दी.

1675 सेंट पॉल कैथीड्रल का पुनर्निर्माण शुरू हुआ.

1685 चार्ल्स द्वितीय की मृत्यु. उनका भाई जेम्स द्वितीय राजा बना.

1686 रेन के 51 चर्च पूरे हुए.

1689 जेम्स द्वितीय की जगह उनकी बहन मैरी और उनके पति विलियम ऑफ ऑरेंज ने ली.

1703 सैमुअल पेप्सी का निधन.

1711 सेंट पॉल कैथीड्रल का निर्माण पूरा हुआ.

1723 91 वर्ष की आयु में क्रिस्टोफर रेन की मृत्यु.

